हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 25 मार्च 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 मेडिकल कॉलेज को आवंटित भूमि से हटाया गया अवैध अतिक्रमण



## खबर संक्षेप

### खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में मो. गौस बेग को मिला आमंत्रण



**सूरजपुर।** रायपुर, अंबिकापुर और जगदलपुर में 25 मार्च से 3 अप्रैल तक आयोजित होने जा रहे खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स ने प्रदेश में उत्साह की नई लहर जगा दी है। इस भव्य आयोजन में जिले के लिए गर्व का एक विशेष अध्याय जुड़ गया है। अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल रेफरी एवं वीर हनुमान अवार्डी मो. गौस बेग को विशेष आमंत्रण मिला है। यह निमंत्रण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि उनके वर्षों के समर्पण, निष्पक्ष निर्णय क्षमता और खेल के प्रति अटूट जुनून का राष्ट्रीय सम्मान है।खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मो. गौस बेग को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। जंगलों और पहाड़ों के बीच पनपती प्रतिभाएं अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान दर्ज कराने को तैयार हैं। उद्घाटन समारोह 25 मार्च की शाम 5 बजे रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में होगा, जहां मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। केंद्रीय खेल मंत्री की अध्यक्षता में होने वाला यह समारोह प्रदेश के खेल इतिहास में स्वर्णिम पन्ना जोड़ने जा रहा है। उपमुख्यमंत्री, खेल मंत्री सहित कई जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति गरिमामयी बनाएगी। इस महाकुंभ में देशभर से आए खिलाड़ी तीरंदाजी, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी और भारोत्तोलन जैसे खेलों में अपना कौशल दिखाएंगे। जगदलपुर में एथलेटिक्स की रफ्तार दौड़ेगी, अंबिकापुर में कुश्ती का दमखम गूंजेगा, जबकि कबड्डी और मल्लखंब जैसे पारंपरिक खेल संस्कृति की खुशबू बिखेरेंगे।

### प्रशासन की पहल से दिव्यांग सोमार को मिली मोटराइज्ड ट्राई साइकिल



**अम्बिकापुर।** जनपद पंचायत राजपुर के ग्राम कुन्दीकला निवासी 85 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग सोमार सिंह टेकाम के जीवन में अब एक नई उम्मीद की किरण जगी है। जो कभी रोजमर्रा की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी दूसरों पर निर्भर रहते थे, आज आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। सोमार सिंह अपनी समस्या लेकर कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे, जहां उन्होंने मोटराइज्ड ट्राई साइकिल के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। उनकी स्थिति को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रशासन की सक्रिय पहल से उसी दिन ही सोमार को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्रदान की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चेतन बोरघरिया मौजूद रहे।

## एलाइंस एयर ने जारी किया शेड्यूल

# हर सप्ताह दिल्ली-कोलकाता के लिए चलेगी दो-दो दिन 80 सीटर फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



संभाग मुख्यालय से दिल्ली एवं कोलकाता के लिए हवाई सफर प्रारम्भ करने संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी हो गई है। एलाइंस एयर ने अम्बिकापुर स्थित मां महामाया एयरपोर्ट से दिल्ली एवं कोलकाता के लिए सप्ताह में दो दिन फ्लाइट चलाने के लिए शेड्यूल भी जारी कर दिया है।

**खास बात**
- विमानन विभाग के अधिकारियों की पहल से मिली सौगात

अम्बिकापुर से बिलासपुर एवं रायपुर के लिए चल रही है फ्लाइट दिसम्बर से पूरी तरह से ठप होने के बाद तरह-तरह की चर्चाएं हो रही थी तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे थे। क्षेत्र के जनप्रतिनधि इस संबंध में एयरलाइंस से मुख्यमंत्री की वार्ता कराने सहित अन्य पहल करने का आश्वासन दे रहे थे। इधर एयरपोर्ट के अधिकारियों ने विमानन विभाग के अधिकारियों को स्थिति से अवगत करा आवागमन की दृष्टि से बेहद पिछड़े सरगुजा के लोगों के लिए उपयुक्त उड़ान सेवा प्रारंभ करने के लिए कारगर पहल करने का अनुरोध किया। अनुरोध पर विमान विभाग के अधिकारी विश्वसनीय हवाई सफर के लिए एलाइंस एयर के अधिकारियों से सकारात्मक चर्चा करते रहे जिसका परिणाम हुआ कि एलाइंस एयर अम्बिकापुर से दिल्ली एवं अम्बिकापुर से कोलकाता तक हर सप्ताह दो दिन फ्लाइट चलाने की स्वीकृति दे दी तथा 29 मार्च से फ्लाइट चलाने का शेड्यूल भी जारी कर दिया। एलाइंस एयर पूर्व से दिल्ली से बिलासपुर तक फ्लाइट का संचालन कर रही थी इसलिए एलाइंस एयर को इस रूट पर फ्लाइट चलाने में आसानी होगी। एलाइंस एयर अम्बिकापुर-दिल्ली एवं अम्बिकापुर-कोलकाता रूट पर 80 सीटर एटीआर-72 विमान चलाएगी। एलाइंस एयर ने दोनों फ्लाइट का शेड्यूल जारी करने के साथ ही अपनी वेबसाइट पर अम्बिकापुर स्थित मां महामाया एयरपोर्ट का नाम शामिल कर लिया है। हालांकि अभी तक दोनों फ्लाइट का किराया निर्धारित नहीं हो सका है न ही ऑनलाइन टिकट की बुकिंग ही प्रारंभ हो सकी है। दरिमा एयरपोर्ट के अधिकारी 27 मार्च तक एलाइंस एयर के पोर्टल के खुलने एवं ऑनलाइन टिकट बुकिंग की सुविधा प्रारंभ होने की उम्मीदें जता रहे हैं।

### सप्ताह में दो दिन मिलेगी सुविधा

एयरपोर्ट के अधिकारियों के अनुसार हर सप्ताह सोमवार एवं बुधवार को अम्बिकापुर से दिल्ली तथा शुक्रवार एवं शनिवार को अम्बिकापुर से कोलकाता की फ्लाइट संचालित होगी। एलाइंस एयर द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार सोमवार को सुबह 11.35 बजे दिल्ली की फ्लाइट बिलासपुर से अम्बिकापुर पहुंचेगी तथा दोपहर 12 बजे रवाना होकर अपराह्न 2.30 बजे दिल्ली पहुंचेगी। इसी तरह बुधवार को सुबह 7.50 बजे दिल्ली की फ्लाइट अम्बिकापुर पहुंचेगी तथा 10.25 बजे बिलासपुर के लिए खुलेगी तथा बिलासपुर से फ्लाइट दोपहर 12 बजे दिल्ली के लिए रवाना होगी। इसी तरह कोलकाता की फ्लाइट शनिवार को सुबह 8.55 बजे बिलासपुर, एवं 10 बजे अम्बिकापुर पहुंचेगी तथा 10.25 बजे कोलकाता के लिए रवाना होगी तथा 12.15 बजे कोलकाता पहुंचेगी। गुरूवार को फ्लाइट सुबह 9.15 बजे रवाना होगी।

### अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की मिलेगी सुविधा

अम्बिकापुर से दिल्ली एवं कोलकाता की फ्लाइट शुरू होने से सरगुजा के लोगों को अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट से भी सफर करने में सहूलियत होगी। विदेश जाने के लिए पूर्व में लोगों को बनारस एवं रायपुर की फ्लाइट से दिल्ली व कोलकाता जाना पड़ता था। एलाइंस एयर की फ्लाइट शुरू होने पर यात्रियों को अब सीधे दिल्ली एवं कोलकाता तक सफर करने की सुविधा मिलेगी। बताया जा रहा है कि एलाइंस एयर के अधिकारियों ने अगस्त 2024 में मां महामाया एयरपोर्ट का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया था तथा अब अपने पोर्टल पर अम्बिकापुर एयरपोर्ट को भी शामिल कर लिया है।

### सीएम कर सकते हैं उद्घाटन

30 मार्च को एलाइंस एयर की पहली फ्लाइट 11.35 बजे पहुंचेगी। पहली फ्लाइट से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के दिल्ली से अम्बिकापुर एवं अम्बिकापुर से दिल्ली तक सफर करने की संभावना है। फ्लाइट में टिकट लेने वाले यात्री भी जनप्रतिनिधियों के साथ सफर करेंगे। अधिकारी दिल्ली उड़ान का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा ऑनलाइन शुभारंभ करने की बात कह रहे हैं। हालांकि इस संबंध में एलाइंस एयर द्वारा अभी कोई अधिकृत सूचना जारी नहीं की गई है।

### जारी किया है शेड्यूल

एलाइंस एयर ने अम्बिकापुर-दिल्ली फ्लाइट 30 जनवरी से प्रारंभ करने संबंधी शेड्यूल जारी कर दिया है। एलाइंस एयर द्वारा अम्बिकापुर-कोलकाता फ्लाइट का भी शेड्यूल जारी किया गया है। दोनों फ्लाइट हर सप्ताह दो-दो दिन संचालित होगी।

-सुशील श्रीवास्तव
डायरेक्टर, मां महामाया एयरपोर्ट



## सरगुजा ओलंपिक के कबड्डी मैच में रेफरी एवं खिलाड़ी के बीच हाथापाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोमवार को गांधी स्टेडियम स्थित इंडोर स्टेडियम में उस समय विवाद की स्थिति निर्मित हो गई जब कबड्डी मैच में रेफरी ने एक खिलाड़ी को आउट दे दिया। रेफरी के निर्णय पर खिलाड़ी ने नाराजगी जताने के साथ जमकर बहस की साथ ही हाथापाई भी की। सोशल मीडिया पर खिलाड़ी एवं रेफरी की हाथापाई एवं बहस करते वीडियों वायरल हो रही है।

- सोशल मीडिया पर घटना की वीडियों हो रही वायरल

तीन दिवसीय सरगुजा ओलम्पिक का समापन सोमवार को किया गया। ओलम्पिक में संभागभर के 2 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी की। सोमवार को इंडोर स्टेडियम में जशपुर एवं सूरजपुर जिला के बीच कबड्डी मैच आयोजित किया गया था। इस दौरान रेफरी ने सूरजपुर जिले के एक खिलाड़ी को आउट दे दिया। रेफरी द्वारा आउट दिए जाने का खिलाड़ी ने न केवल विरोध किया बल्कि इसको लेकर रेफरी से देर तक बहस की तथा हाथापाई करने लगा। विवाद बढ़ता देख उपस्थित सहयोगियों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। अंत में विवाद करने वाले खिलाड़ी को इनडोर स्टेडियम से बाहर निकाला गया। इस दौरान किसी ने घटना की वीडियों बना ली तथा सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

### पेड़ से टकराई बाइक, एक की मौत दो गंभीर

**सोनगरा।** भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बरौधी में हुई सड़क दुर्घटना में एक 13 वर्षीय किशोर की मौत हो गई जबकि 2 अन्य किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल की छुट्टी होने के बाद तीनों किशोर मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 15 सीवी 7836 से घर जा रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में ग्राम करौंधा निवासी धनंजय राजवाड़े पिता लोचन राजवाड़े की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि बाइक पर सवार दो अन्य किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल किशोरों को स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उनकी गंभीरावस्था को देखते हुए प्राथमिक उपचार उपरांत चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृत किशोर का शव पीएम के लिए भटगांव स्वास्थ्य केंद्र भेजा। मनाही के बावजूद किशोर बाइक से आवागमन कर रहे है तथा गंभीर दुर्घटनाओं के शिकार बन रहे हैं।

## को-ऑपरेटिव बैंक से राशि नहीं मिलने पर किसानों ने सड़क जाम कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

जिला सहकारी बैंक के प्रति किसानों का आक्रोश उस समय टूट पड़ा, जब उन्हें बार-बार बैंक से निराश होकर लौटना पड़ा। बैंक प्रबंधन की कार्यप्रणाली से परेशान किसानों ने जमकर हंगामा किया और अम्बिकापुर-बनारस मार्ग को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

- राशि उपलब्ध नहीं होने से नाज थे किसान

किसानों का आरोप है कि आरटीजीएस की पर्ची लेकर बैंक पहुंचने के बावजूद उन्हें एक सप्ताह तक चक्कर कटवाया जा रहा हैं। सुबह 10 बजे पैसा निकासी फॉर्म जमा करने के बाद भी शाम 8 बजे नगदी संकट का हवाला देकर वापस लौटा दिया जाता है। किसानों ने बैंक प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बिना कमीशन दिए भुगतान नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि भुगतान के बदले 1 से 2 प्रतिशत तक कमीशन मांगा जा रहा है, जबकि बिचौलियों को तुरंत भुगतान कर दिया जाता है। शादी-ब्याह और बीमारी की स्थिति में भी बैंक प्रबंधन पैसे देने से इनकार कर रहा है। आक्रोशित किसानों ने बैंक के सामने सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। मामले की सूचना मिलते ही एसडीओपी राम अवतार ध्रुव टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित किया। अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद किसानों ने जाम समाप्त किया। हालांकि इस दौरान लंबे समय तक बैंक परिसर और सड़क पर तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। प्रशासन ने पूरे मामले की जांच का आश्वासन दिया है। किसानों ने चेतावनी दी है कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आगे वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।



सड़क जांच करते किसान।

# व्रतियों ने अस्ताचल सूर्य को दिया अर्घ्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में चैत्र षष्ठी का पर्व श्रद्धापूर्वक भक्ति भाव से मनाया गया। इस वर्ष मार्च महीने के मध्य से ही पड़ रही गर्मी के बावजूद कठिन तपस्या का व्रत चैत्र षष्ठी का उपवास रखकर आज व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष व्रतियों की संख्या में वृद्धि हुई है। शहर के शंकर घाट में व्रतियों सहित श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।



चार दिनों तक चलने वाले चैत्र छठ को लेकर भक्तों द्वारा पूर्व से ही तैयारियां की जा रही थी। गर्मी के मौसम में पड़ने वाले इस कठिन व्रत छठ में बहुत ही कम लोगों द्वारा व्रत रखा जाता है। सोमवार को घाट बंधान व नहान खान के साथ ही छठ पर्व प्रारंभ हो गया था। सोमवार को घाट बांधने के साथ ही व्रतियों ने रात में खीर भोजन कर रस्म पूरा किया। मंगलवार की शाम 4 बजे से ही महिलाएं शंकर घाट के अलावा शहर के अन्य छठ घाट पहुंचने लगी थी। छठी मईया की गीतो के साथ सिर पर पूजा की थाल व सामग्री लेकर छठ घाट पहुंची व्रतियों द्वारा अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। बुधवार की सुबह व्रतियों द्वारा उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व हवन पूजन उपरांत चैत्र छठ पूरा किया जाएगा।

### डूबते सूर्य को अर्घ्य देने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**रामानुजगंज।** लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन मंगलवार को जिले के रामानुजगंज क्षेत्र में व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्ति व श्रद्धा से सराबोर नजर आया। मंगलवार की शाम संध्या अर्घ्य के अवसर पर व्रती महिलाएं और पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर



रामानुजगंज की जीवनदायिनी नदी के तट पर स्थित छठ घाट पर पहुंचे। व्रतियों ने सूप, फल, ठेकुआ और अन्य पूजन सामग्री के साथ विधि पूर्वक भगवान सूर्य की आराधना कर डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। छठी मैया के गीतों और भजनों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। इससे पहले सोमवार को खरना का अनुष्ठान संपन्न हुआ, जिसमें व्रतियों ने पूरे दिन निर्जला उपवास रखने के बाद शाम को खीर-रोटी का प्रसाद ग्रहण किया और 36 घंटे के निर्जला व्रत का संकल्प लिया। घाटों पर साफ-सफाई और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। स्थानीय प्रशासन द्वारा प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग और पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इधर मौसम भी छठ व्रतियों के अनुकूल बना हुआ है। तापमान में गिरावट से लोगों को राहत मिली है, जिससे अर्घ्य देने में सहूलियत हुई। बुधवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय चैती छठ महापर्व का समापन होगा, जिसमें व्रती सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना करेंगे।



## खबर संक्षेप

### मौसम का बदला मिजाज दिनभर छाए रहे बादल

**सोनहत।** वनांचल क्षेत्र में 24 मार्च को मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। सुबह से ही आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही, वहीं दोपहर बाद हल्की धूप के बीच बादलों का जमाव बढ़ने से शाम तक मौसम बारिश जैसा बना रहा। दिन के दौरान बीच-बीच में तेज धूप निकलने से गर्मी और ठंड का असर देखने को मिला। हालांकि हल्की गर्मी से राहत मिलने के कारण आमजन अपने दैनिक कार्यों में जुटे रहे। स्थानीय किसानों के अनुसार मौसम के इस बदलाव का असर फसलों पर पड़ने की संभावना है। विशेष रूप से महुआ और आम की फसल प्रभावित हो सकती है, जबकि गेहूं की फसल के लिए यह मौसम कुछ हद तक लाभकारी माना जा रहा है। लगातार बदलते मौसम के कारण क्षेत्र के वनांचल इलाकों में मौसमी वायरल बीमारियों का असर भी दिखाई देने लगा है, इससे लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा 30 को

**बैकुण्ठपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी दी है कि जिला पंचायत की सामान्य सभा की 30 मार्च को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आहूत की गई है। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो, श्रीमती संगीता सोनवानी, राजेश कुमार, श्रीमती गीता राजवाड़े, सुरेश सिंह, श्रीमती शिवकुमारी, श्रीमती सुषमा कोराम, श्रीमती स्नेहलता उदय गोंड़ और जनपद पंचायत बैकुंठपुर एवं सोनहत के अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं



**बैकुण्ठपुर।** जनदर्शन कार्यक्रम में मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों में प्रमुख रूप से जमीन सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना की किश्त संबंधी जानकारी, वनाधिकार पट्टा, राशन कार्ड, मुआवजा, नक्शा दुरुस्ती एवं सीमांकन विवाद से जुड़े मामले शामिल रहे। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित करते हुए निर्देशित किया कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए।

कम ऊंचाई पर लगे हैं बिजली के फ्यूज बाक्स, लापरवाही पड़ सकती है भारी

# मौत को निमंत्रण दे रहे खुले फ्यूज बॉक्स





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर में बिजली के खुले फ्यूज बॉक्स संभावित दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं, लेकिन इस ओर विद्युत वितरण कंपनी ध्यान नहीं दे रहा है।

जानकारी के अनुसार शहर के मुख्य मार्ग किनारे कालिका टावर के निकट स्थित बिजली का फ्यूज बॉक्स काफी कम ऊंचाई पर लगी हुई है और उसके बॉक्स पूरी तरह से खुले है, इनमें से बिजली के तारों का मकड़जाल उलझा हुआ है। मुख्य मार्ग किनारे होने के कारण कई लोगों का आना-जाना रहता है, कई लोग वाहन की सवारी के लिए सड़क किनारे वाहन का इंतजार करते हैं, जिनके साथ बच्चे भी रहते हैं। ऐसे में कही अनजाने में कोई बच्चा खेलते हुए बिजली के खुले फ्यूज बॉक्स के पास चला जाता है और तारों के संपर्क में आ जाता है तो बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है, ऐसे में संभावित खतरे वाली उक्त जगह पर खुले बिजली के फ्यूज बॉक्स के ढक्कन को सुरक्षित बंद करने की जरूरत है, ताकि कोई बच्चा या कोई पशु अनजाने में बिजली के खुले फ्यूज बॉक्स के संपर्क में आकर कभी दुर्घटना का शिकार न हो सके। जानकारी के अनुसार शहर में ऐसे कई स्थान हैं, जहां बिजली के फ्यूज बॉक्स लगे हुए हैं, इनमें ढक्कन भी लगी हुई है, लेकिन लापरवाही पूर्वक जानबूझकर फ्यूज बॉक्स के ढक्कन को दुर्घटना को आमंत्रण देने के लिए खोल दिया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से शहर के विभिन्न जगहों पर लगाए गए बिजली के फ्यूज बॉक्स को सुरक्षित बंद रखने की जरूरत है अन्यथा ऐसी जगहों पर कभी भी संभावित दुर्घटना घटित हो सकती है।

#### यहां भी खुला है मौत का ढक्कन

विद्युत वितरण कंपनी की लापरवाही के कारण शहर के कई जगहों पर बिजली के फ्यूज बॉक्स मौत को आमंत्रण देने के लिए खुला पड़े हैं। इस तरह की लापवाही से कभी भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। ऐसा ही हाल शहर के मुख्य मार्ग किनारे लोनिवि कार्यालय के निकट बिजली का फ्यूज बॉक्स का ढक्कन पूरी तरह से खोल दिया गया है। फ्यूज बॉक्स की ऊंचाई जमीन से काफी कम है, जहां पर जानवरों एवं बच्चों के पहुंच आसानी से हैं, ऐसे में इसी तरह की लापरवाही रहती है तो भविष्य में किसी जानवर व बच्चों के लिए बड़े खतरे का कारण बन सकता है।

# तीन प्रवेश परीक्षाओं में एक साथ सफल हुए प्रारूप

**पांचवीं के छात्र ने विद्यालय और क्षेत्र का बढ़ाया मान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के गढेलपारा व केन्द्रीय विद्यालय बैकुंठपुर में अध्ययनरत कक्षा पांचवीं के छात्र प्रारूप सिंह पिता प्रवीन सिंह ने एक साथ तीन प्रवेश परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का मान बढ़ाया। मिली जानकारी के अनुसार गढेलपारा बैकुंठपुर निवासी प्रवीण सिंह भारतीय सेना के कोर ऑफ सिग्नल में सूबेदार पद पर कार्यरत रहे और स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पश्चात बच्चों एवं युवाओं को सेना में जाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। प्रवीण सिंह के पुत्र प्रारूप सिंह ने सत्र 2026-27 के एकेडेमिक सेशन के लिए राष्टीय मिलिट्री स्कूल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ ऑल इंडिया सैनिक स्कूल इंट्रेंस एक्जाम के साथ नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा भी एक साथ उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर विद्यालय व क्षेत्र का गौरव बढ़ावा। प्रारूप ने उक्त सभी प्रवेश परीक्षा में सफलता प्रथम प्रयास में ही प्राप्त किया। विदित हो कि प्रारूप सिंह ने राष्टीय स्तर पर आयोजित होने वाली कठिन परीक्षाओं में एक मिलिट्री स्कूल तथा सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा दोनों को पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण किया।



■ केंद्रीय विद्यालय का है छात्र

#### छात्र ने हासिल किए उल्लेखनीय स्थान

मिली जानकारी के अनुसार प्रारूप सिंह ने मिलिट्री स्कूल प्रवेश परीक्षा में 150 अंकों में 126 अंक प्राप्त कर जनरल केटेगरी में 275 वां रैंक प्राप्त किया। साथ ही सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में डिफेंस केटेगरी में 4 था तथा जनरल केटेगरी में छग में 16 वॉ रैंक हासिल किया, इसके अलावा प्रारूप सिंह ने जवाहर नवोदय चयन परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में शीर्ष स्थान पर रहे।

#### वायुसेना पायलट बनने की चाह

होनहार छात्र प्रारूप सिंह अपने सैनिक पिता के पद चिन्हों पर चलने की चाह रखते हुए भविष्य में वायुसेना में पायलेट करने का लक्ष्य रखा है। प्रारूप ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरूजन एवं परिजन के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन को दिया।

# शराब पीकर वाहन चलाना पड़ा महंगा युवक पर साढ़े 15 हजार का जुर्माना

**मनेन्द्रगढ़।** पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा दीपक कुमार झा और पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देश पर जिले में यातायात नियमों के पालन को लेकर सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और आम नागरिकों में यातायात के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

■ 15,500 का कटा जुर्माना

इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक एवं नगर पुलिस अधीक्षक दीपिका मिंज के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी नागपुर प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक शेषनारायण सिंह द्वारा लगातार सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक वाहन चालक को संदिग्ध अवस्था में रोका। जांच में पाया गया कि चालक शराब के नशे में वाहन चला रहा था, इसके साथ ही वह बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चला रहा था और तीन सवारी बैठाकर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहा था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी वाहन चालक प्रिंस लकड़ा पिता वीरन लकड़ा निवासी महाराजपुर केविरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 नशे में वाहन चलाना, 3/181 बिना लाइसेंस वाहन चलाना एवं 128/177 अधिक सवारी के तहत मामला दर्ज किया। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आरोपी के कृत्य को गंभीर मानते हुए उस पर 15,500 रूपए का आर्थिक दंड लगाया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में वाहन चालकों के बीच सख्त संदेश गया है कि नियमों की अनदेखी अब भारी पड़ सकती है। पुलिस द्वारा केवल कार्रवाई ही नहीं बल्कि लोगों को जागरूक करने के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन ना चलाने और वैध दस्तावेज रखने के लिए आमजन को प्रेरित किया जा रहा है।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह ने अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। छोटी सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। सुरक्षित रहे और दूसरों को भी सुरक्षित रखें। उन्होंने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण की शपथ

**बैकुण्ठपुर।** विश्व जल दिवस के अवसर पर जल और लैंगिक समानता थीम के तहत विकासखंड सोनहत के ग्राम कुशमहा में जल महोत्सव पखवाड़ा का समापन किया गया। इस अवसर पर जल अर्पण कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता मनोज ठाकुर ने जल के महत्व पर प्रकाश डाला। जल जीवन का आधार है और इसका संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने शुद्ध पेयजल के महत्व के साथ भूमिगत, प्राकृतिक एवं सतही जल स्त्रोतों की जानकारी दी और चेतावनी दी कि समय रहते जल संचयन नहीं किया गया तो भविष्य में गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। उप अभियंता भूपेन्द्र कोर्चे ने कहा कि लगातार गिरता जल स्तर चिंता का विषय है और इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। वहीं जिला समन्वयक अनुज मिश्र ने कहा कि जल की हर बूंद अनमोल है।



# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 40 सदस्यीय टीम पंचमढ़ी के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कोरिया की 40 सदस्यीय टीम राज्य स्तरीय साहसिक शिविर में भाग लेने के लिए पचमढ़ी के लिए रवाना हुई। यह शिविर 25 से 29 मार्च तक राष्टीय साहसिक संस्थान में आयोजित किया जा रहा है।

यह दल राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के निर्देशानुसार तथा जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट विनोद कुमार राय के आदेश पर, जिला संगठन आयुक्त नागेश्वर साहू के नेतृत्व में रवाना हुआ। दल में स्काउटर रवि प्रसाद बैगा, गाइडर एग्नेश आनंद दास एवं भानुप्रिया भास्कर के साथ 18 स्काउट और 18 गाइड शामिल हैं। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को राजेन्द्र गिरी पर्वत, जटाशंकर, बायसन लॉज, पांडव गुफा कैंप और बी फॉल जैसे स्थलों पर ट्रैकिंग कराई जाएगी। साथ ही रॉक क्लाइंबिंग, आर्चरी, राइफल शूटिंग, हॉर्स राइडिंग, स्काई साइकिलिंग, रेपलिंग, टायर वॉल, रशियन वॉल एवं विभिन्न ब्रिज क्रॉसिंग जैसी साहसिक गतिविधियों में भी भाग लेने का अवसर मिलेगा। इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों में नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क, आत्मनिर्भरता और कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता विकसित की जाएगी।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 27 तक

**बैकुण्ठपुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने जिले में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, शिक्षा महाविद्यालय, डाईट, आईटीआई, पॉलिटेक्निक आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्याथियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है संस्था के प्राचार्य एवं प्रमुखों को सूचित करते हुए कहा कि शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के कक्षा 12 वीं से उच्चतर के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई पर आनलाईन आवेदन पत्र भरा जाना है। उन्होंने बताया कि छात्रवृति के लिए विद्यार्थी नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 27 मार्च तक, ड्राफ्ट प्रोपोजल लॉक करने के लिए 29 मार्च तक एवं सेंक्शन ऑडर लॉक करने 30 मार्च तक निर्धारित है।

# पगडंडी से विकास की राह-कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की आवाज





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने एक बार फिर यह साबित किया कि प्रशासन जब जमीनी स्तर पर पहुंचता है, तो समाधान की राह आसान हो जाती है।

दूरस्थ गांवों के लगातार दौरे के क्रम में वे विगत दिनों सोनहत विकासखंड के ग्राम आनंदपुर पहुंची और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानी। कलेक्टर ने स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने राशन, पढ़ाई की स्तर, आंगनबाड़ी में बच्चों की उपस्थिति, गर्भवती महिलाओं को कोरिया मोदक लड्डू वितरण के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्रामीणों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खुलकर बताइए, हर समस्या का यथा संभव समाधान होगा। उनके इस आश्वासन से ग्रामीणों ने बिना झिझक अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें नेटवर्क की कमी, पेयजल संकट, सोलर पंप की आवश्यकता और सीसी रोड निर्माण प्रमुख रहे। कलेक्टर ने तत्काल जनपद पंचायत सीईओ को प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए और ग्रामीणों को बताया कि जल्द ही बीएसएनएल नेटवर्क की सुविधा भी उपलब्ध होगी, जिससे संचार की समस्या दूर होगी। दौरे के दौरान कलेक्टर हसदेव नदी के चिन्हांकित उद्गम स्थल ग्राम मेण्ड्राकला भी पहुंची, इसके बाद वे जिले के दूरस्थ ग्राम आनंदपुर से करीब डेढ़ किमी पैदल चलकर साधुगड़ा नामक स्थल पर पहुंचीं, जहां पहाड़ से बहते शीतल तुर्रा पानी को देखा और अपने हाथों से जल ग्रहण किया। प्रकृति की इस अनुपम धरोहर से प्रभावित होकर उन्होंने कहा कि प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है, जरूरत है तो बस उसे सहेजने और संरक्षित रखने की। ग्रामीणों ने बताया कि यह जलधारा गर्मी के मौसम में भी निरंतर बहती रहती है और स्थानीय लोगों के लिए जीवनदायिनी बनी हुई है। कलेक्टर ने जल संरक्षण की दिशा में जनभागीदारी के तहत बनाए जा रहे 5 प्रतिशत मॉडल को देखने खेतों में पहुंची। उन्होंने ग्रामीणों से कहा यह 5 प्रतिशत मॉडल निश्चित ही भू-जल स्तर को बढ़ाने में मददगार साबित होगी।

### समय-सीमा की हुई महत्वपूर्ण बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित समय-सीमा की महत्वपूर्ण बैठक में प्रशासनिक सख्ती और विकास के प्रति प्रतिबद्धता साफ तौर पर नजर आई। बैठक में जिले के सभी विभागों के कार्यों, लंबित प्रकरणों और आगामी योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट संदेश दिया कि लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं होगी, हर कार्य तय समय-सीमा में पूरा होना चाहिए। बैठक की शुरूआत उच्च न्यायालय से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा से हुई, जहां कलेक्टर ने एसडीएम, बीईओ और जनपद सीईओ को इन मामलों का प्राथमिकता से निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि न्यायालयीन मामलों में देरी प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार नहीं होगी।

### कलेक्टर ने आमजन की सुनी समस्याएं

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार ने जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनदर्शन में आमजन ने अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं से जुड़े आवेदन प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए, जिस पर त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया।

# फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में समृद्धि ने लहराया परचम

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के एफसीआई गोदाम के पीछे निवासरत अभिनव अग्रवाल एवं श्रीमती ऋतु अग्रवाल की पुत्री समृद्धि अग्रवाल ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया है।



समृद्धि शहर के प्रतिष्ठित बचपन प्ले स्कूल की छात्रा है और शुरू से ही प्रतिभाशाली एवं रचनात्मक गतिविधियों में रुचि रखती है। हाल ही में विद्यालय परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता प्रमुख आकर्षण रही। इस प्रतियोगिता में समृद्धि ने आकर्षक वेशभूषा और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति से निर्णायकों का ध्यानाकर्षित किया। उसके प्रदर्शन को सभी ने सराहा और उसे द्वितीय स्थान से सम्मानित किया गया, इसके अलावा समृद्धि ने अन्य प्रतियोगिताओं में भी भाग लेकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने उसकी मेहनत और लगन की प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह उपलब्धि न केवल समृद्धि के लिए, बल्कि पूरे परिवार और शहर के लिए गर्व का विषय है।

सरगुजा मार्केट

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 05 अप्रैल, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समय:- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 08 अप्रैल, 2026, बुधवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 04 अप्रैल 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल में
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस:
M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस:
B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

## बलरामपुर में आयोजित संवाद कार्यक्रम की झलकियां


कृषि मंत्री रामविचार नेताम को सम्मानित करते प्रधान सम्पादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी।


शिव शिष्य परिवार के जिलाध्यक्ष पंचम कुशवाहा को सम्मानित करते अतिथि।


कवि हरिवंश प्रसाद मेहता का किया गया सम्मान।


कार्यक्रम में शामिल हुए समाज सेवी आकाश तिवारी।


समाज सेवी को सम्मानित करते अतिथि।


गायत्री परिवार की चंद्रवती देवी का स्वागत करते कृषि मंत्री रामविचार नेताम।


कृषि मंत्री रामविचार नेताम का स्वागत करते हरिभूमि के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार।


कलेक्टर राजेंद्र कटारा को स्मृति चिन्ह भेंट करते प्रधान सम्पादक डॉ. द्विवेदी।


एसपी वैभव बैंकर रमनलाल का मंच पर किया गया सम्मान।


कार्यक्रम में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल।


जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिहर यादव का स्वागत करते आईएनएच के बलरामपुर प्रतिनिधि।


जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिहर यादव हुए सम्मानित।


भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल भी कार्यक्रम में हुए शामिल।


जिपं उपाध्यक्ष धीरज सिंहदेव प्रदान किया गया स्मृति चिन्ह।


ननि अम्बिकापुर के पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की को किया गया सम्मानित।


ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती मधु गुप्ता का स्वागत करते हरिभूमि प्रतिनिधि।

### क्षेत्र के ग्रामीणों को आज तक नसीब नहीं हुई पक्की सड़क

# सड़क, पुलिया सहित मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे ग्राम पंचायत बासेन के गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

विकासखंड बतौली क्षेत्र में कई ऐसे गांव है जो आज भी विकास से कोसो दूर है। जहां न तो सड़क है और न ही पुल पुलिया की सूविधा। ऐसे में दूरस्थ क्षेत्र के लोग आज भी पहुंच मूलभूत सुविधाओं की समस्या से जूझ रहे है। ग्राम पंचायत बासेन का सरस्वतीपुर-बेवराडीह आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। पहाड़ी और पहुंचविहीन इस इलाके में वर्षों से उपेक्षा का आलम ऐसा है कि कई पीढ़ियां गुजर गईं, लेकिन कोई जनप्रतिनिधि यहां तक नहीं पहुंचे।

**खास बात**

- राशन लेने ग्रामीणों को तय करनी पड़ती लंबी दूरी

विकास विकासखंड के ग्राम पंचायत बासेन का सरस्वतीपुर-बेवराडीह पहुंच विहीन गांव में ग्रामीणों के लिए न तो पक्की सड़क है और न ही पुल पुलिया का निर्माण किया गया है। ऐसे में आज भी ग्रामीण मुख्य मार्ग तक आने के लिए पैदल ही लंबी दूरी तय कर आवागमन करने को विवश है। गांव तक सड़क, बिजली व पुल पुलिया के निर्माण नहीं होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को आज भी पुराने युग में जीवन यापन कर रहें है। गांव के लोगों की शिक्षा, स्वास्थ्य व आवागमन भगवान भरोसे है। आजादी के बाद पहुंच विहीन गांव में आज तक विकास की किरण तक नहीं पहुंच सकी है जिसे क्षेत्र के ग्रामीण पहुंच विहीनता का दंश झेल रहे हैं। शासन, प्रशासन द्वारा गांव की विकास के लिए करोडों रुपये खर्च करती है लेकिन ग्राम पंचायत बासेन का सरस्वतीपुर-बेवराडीह गांव की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयान करती है। बावजूद इसके न तो जनप्रतिनिधि और न ही विभाग के अधिकारी गांव पहुंच ग्रामीणों की समस्या से अवगत हो सके जो बड़ी विडंबना है।


ग्रामीणों से चर्चा करते विधायक।

### आपातकालीन व्यवस्था से वंचित ग्रामीण

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आपातकालीन सेवा संजीवनी 108, महतारी एम्बुलेंस, मोबाइल मेडिकल जैसे अनेक सुविधाओं से क्षेत्र के ग्रामीण सड़क व पुल पुलिया नहीं होने से वंचित है। ऐसे में गांव में कोई बीमार पड़ गया तो मरीज के साथ परिजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गांव तक वाहन पहुंचने के लिए व्यवस्थित सड़क की सुविधा नहीं होने पर ग्रामीणों को बीमार मरीज को मुख्य मार्ग तक ले जाने के लिए खाट का सहारा लेना पड़ता है तब जाकर मरीज को एंबुलेंस की सुविधा मिलती है।

### बरसात के मौसम में बढ़ जाती है समस्या

ग्राम पंचायत बासेन का सरस्वतीपुर-बेवराडीह गांव में सड़क, बिजली, पेयजल व पुलिया की समस्या लंबे समय है। इसके अलावा और की कई समस्याएं है। गांव के लोगों ठंड व गर्मी के मौसम में किसी तरह आवागमन करते है परंतु बरसात के मौसम में काफी दिक्कतों को सामना करना पड़ता है और नदी नालों में पानी लबालब होने के कारण गांव पहुंच विहीन क्षेत्र हो जाता है।

### विधायक बोले अब बदलेगी गांव की तस्वीर

ग्रामीणों और सरपंच के बुलावे पर क्षेत्रीय विधायक रामकुमार टोप्पो बिना किसी प्रोटोकॉल के देर रात दुर्गम रास्तों को पार कर गांव पहुंचे। किसी जनप्रतिनिधि के पहली बार गांव पहुंचने पर ग्रामीणों में उत्साह और उम्मीद की लहर दौड़ गई। गांव में आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं। उन्होंने बताया कि आजादी के दशकों बाद भी यहां न सड़क है, न बिजली, न ही मूलभूत सुविधाएं। हालत यह है कि शासन की अधिकांश जनकल्याणकारी योजनाएं यहां तक पहुंच ही नहीं पाती, जिससे पूरा क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से कटा हुआ है। जिस पर विधायक टोप्पो ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन का लाभ अब इस अंतिम छोर तक भी पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता में रखकर जल्द समाधान किया जाएगा।

## कोयला मंत्री के दौरे से पूर्व केंद्र के एडिशनल कोल सेक्रेटरी तैयारियों का जायजा लेने 27 को पहुंचेंगे बिश्रामपुर

**बिश्रामपुर।** केंद्रीय कोयला मंत्री जी.किशन रेड्डी के प्रस्तावित बिश्रामपुर दौरे की तारीख आगे बढ़ सकती है,इसी क्रम में उनके संभावित प्रवास की तैयारियों का जायजा लेने भारत सरकार के एडिशनल कोल सेक्रेट्री 27 मार्च को बिश्रामपुर पहुंचेंगे। जानकारी के अनुसार,कोल मंत्री के दौरे के दौरान माइंस क्लोजर मद से करीब 7 करोड़ रुपये की लागत से विकसित केनापारा पर्यटन केंद्र के डिस्प्ले दिखाने की योजना है,हालांकि देखरेख के अभाव और प्रशासनिक उपेक्षा के चलते यह केंद्र वर्तमान में बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। इस जर्जर हालत को देखते हुए केंद्र को पुनः विकसित और व्यवस्थित करने के लिए लगभग 3 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार कर कंपनी मुख्यालय को स्वीकृति हेतु भेजा गया है,प्रस्ताव के अनुमोदन के बाद केंद्र को फिर से आकर्षक और उपयोगी बनाने की योजना है। गौरतलब है कि खनन के बाद अनुपयोगी पड़े क्वारी क्षेत्र को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया गया था, जहां जलाशय के साथ बोटिंग,फ्लोटिंग रेस्टोरेंट और मछली पालन जैसी गतिविधियां शुरू की गई थीं,इससे महिला स्व-सहायता समूहों को रोजगार मिला और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ,इस मॉडल की सराहना प्रधानमंत्री स्तर तक हुई थी और यह केंद्र राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में रहा। वर्तमान में केंद्र की स्थिति खराब हो चुकी है,पहाड़ी पर भारी भरकम राशि से बनाये गये सर्वसुविधायुक्त बांस के कॉटेज क्षतिग्रस्त हो गए हैं,उनमें लगे टीवी, फ्रिज और एसी मौके से गायब हैं,अटैक वाशरूम में लगे सामान भी डैमेज हैं, झूले टूट चुके हैं और महंगे लाइट पोल भी नदारद हैं, जिससे अव्यवस्था साफ झलकती है। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद नये रेनोवेशन कार्य होने से पर्यटन केंद्र की पुरानी रौनक लौटेगी।

- केनापारा पर्यटन केंद्र की जर्जर हालत सुधारने एसईसीएल ने तीन करोड़ का प्रस्ताव बनाकर भेजा मुख्यालय


आरके पटेल को सम्मानित करते आईएनएच के सरगुजा प्रतिनिधि।

### भाजपा मीडिया सह प्रभारी अजय ने किया डॉ. द्विवेदी का स्वागत

**रामानुजगंज।** हरिभूमि आईएनएच द्वारा आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम में रामानुजगंज में प्रथम आगमन पर हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से आत्मीय मुलाकात भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी अजय यादव ने की और उनका स्वागत वंदन किया। भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी अजय यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सुदूर जिला बलरामपुर रामानुजगंज में इतने बड़े लाइव डिबेट्स आयोजित कर जनता की आवाज को सरकार तक रखने की जो आवाज हरिभूमि ने उठाया है और जिले का सम्मान पूरे प्रदेश में बढ़ाया है।



## नाम परिवर्तन सूचना

मैं जयंत जैन पिता श्री धनपत जैन, आयु लगभग 40 वर्ष, निवासी वार्ड 17 केदारपुर, इंदिरा गांधी वार्ड अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरा पूर्व नाम जयंत कुमार जैन एवं पिता का नाम श्री धनपत कुमार जैन के नाम से जाना जाता था। मैं अपना नाम जयंत कुमार जैन, पिता श्री धनपत कुमार जैन के नाम से मुझे भविष्य में समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेजों में नया नाम- जयंत जैन पिता श्री धनपत महनोत के नाम से जाना व पहचाना जावे।

जिस संबंध में सर्व साधारण को सूचित किए जाने हेतु स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
जयंत जैन
आ. श्री धनपत महनोत
निवासी-वार्ड 17, इंदिरा गांधी वार्ड
अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग.

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र....../अ-2/2025-26

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि लाजवंती मिंज पत्नी विष्णु मिंज जाति उरांव निवासी लक्ष्मीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम लक्ष्मीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) खसरा नंबर 411/1 रकबा 0.026 हे. भूमि को कृषि भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 01/4/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/3/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अम्बिकापुर

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल (MRM) हॉस्पिटल
जोड़ा तालाब के सामने,बाबूपारा अम्बिकापुर में परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगें
प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
डॉ. आशिष कुमार जायसवाल - जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी - MBBS,DCH,DNB - शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय - MBBS,DNB,Ortho - हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी.के.दामले - MBBS,DCH,DNB - नाक,कान,गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया - MBBS,MS (General Surgeon) - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता - श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित - MBBS,DNB,Ortho - हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा - एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. सुरभि - दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमलता साहू - फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
9826183780,8224007799,9425583780,9406183780
8224007766,8224007755,9406183780,8224007438
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

## डॉ.डीके सोनी को म्यांमार एंबेसी में ग्लोरी ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड से किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

डॉ. डीके सोनी को एशियन इंडिया बिजनेस मीट में म्यांमार एंबेसी में ग्लोरी ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। श्री सोनी की विधिक सक्रियता केवल कागजों तक सीमित नहीं रही है,उन्होंने जमीनी स्तर पर आदिवासी समुदायों, गरीब मजदूरों और वंचित तबकों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रयास किए हैं। उन्होंने न सिर्फ बिना फीस के सैकड़ों मामलों में गरीबों की पैरवी की बल्कि मजदूरी, भूमि अधिकार और कल्याणकारी योजनाओं के लाभ दिलाने में भी अग्रणी भूमिका निभाई है। उनके अप्रतिम योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना किया गया है और अब तक 48 अवार्ड प्राप्त हो चुका हैं यही सब दस्तावेजों को देखते हुए मैत्री पीस फाउंडेशन द्वारा दिल्ली में 13 मार्च को को म्यांमार एंबेसी में अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले द्वारा ग्लोरी एक्सीलेंस अवार्ड के तहत बेस्ट आरटीआई एवं पीआईएल एक्टिविस्ट का अवार्ड प्रदान किया गया।



### सुमेध पांडे ने नवोदय प्रवेश परीक्षा में हासिल की सफलता

**रामानुजगंज।** क्षेत्र के एक निजी शैक्षणिक संस्थान में कार्यरत शिक्षक राजा बाबू पांडे के पुत्र सुमेध पांडे ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सुमेध वर्तमान में ग्राम कंचन नगर के प्राथमिक शाला में अध्ययनरत है। अपनी मेहनत और लगन के बल पर उसने यह उपलब्धि हासिल की है। सुमेध की इस सफलता से परिवार, विद्यालय तथा क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।



DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### बीएड प्रशिक्षार्थियों ने विभिन्न राज्यों का किया शैक्षणिक भ्रमण

**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एंड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय मदनपुर में चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षार्थियों ने दिल्ली, अमृतसर, डलहौजी, मनाली और कुल्लू का 10 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने स्थलों का ऐतिहासिक महत्व जाना और इसे संरक्षित करने के साथ ही समूह में कार्य करना सीखा एवं किसी कार्य का प्रबंधन करने का तरीका जाना। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। भ्रमण में संस्थापक अशोकनाथ तिवारी, अध्यक्ष सह चेयरमेन प्रमेन्द्र तिवारी, संस्था के उपाध्यक्ष श्रीमती श्वेता तिवारी, सहा.प्राध्यापक श्रीमती प्रीति सोनी सहित अन्य अध्यापक शामिल थे।

### तहसील साहू संघ ने श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई माता कर्मा जयंती



**भैयाथान।** तहसील साहू संघ द्वारा शिवप्रसादनगर स्थित साहू समाज धर्मशाला में भक्त शिरोमणि संत माता कर्मा की जयंती हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर तहसील साहू संघ के समस्त पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती हेतु शपथ भी ली। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने एकत्रित होकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा समाज में एकता, संस्कार और शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला साहू संघ के अध्यक्ष राम लल्लू साहू उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील साहू संघ भैयाथान के अध्यक्ष सौरभ साहू ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ माता कर्मा के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्तियों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर माता कर्मा का पूजन किया। पूजन के पश्चात नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष सौरभ साहू, महामंत्री द्वय शैलेश साहू एवं सुनील साहू सहित सभी पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सुनील साहू एवं आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष नीरू गुप्ता द्वारा किया गया। इस दौरान जोखन लाल साहू, सुनील साहू, मणि प्रताप साहू, अशोक साहू, गैबीनाथ साहू, राजेश प्रकाश साहू, उमाशंकर साहू, समित साहू, शिवदयाल साहू, दिलीप साहू, काजल गुप्ता, नीरज साहू, कृष्णमुरारी साहू, राजेश्वर साहू, रामनंदे साहू, संपूर्ण साहू, बृजेश साहू, नांदेराम साहू, मनोज साहू, शुभम साहू, रामबिलास साहू, स्वयंवर साहू, संतोष साहू, रामसूरत साहू, सविता साहू, उमेश साहू, अरविंद साहू, कैलाश साहू, मोहन साहू, ब्रजनेत्र गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, दीप नारायण साहू, नंदकुमार साहू, रामनारायण साहू, हरिराम सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### अमर शहीदों की स्मृति में निकाली गई प्रभात फेरी, अर्पित की गई श्रद्धांजलि



**अम्बिकापुर।** शहीद दिवस पर अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव के शहादत दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीदों की स्मृति में इप्टा एवं प्रगतिशील लेखक संघ के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को सुबह 7 बजे घड़ी चौक से प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक एवं विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए। शहर का भ्रमण करते हुए प्रभातफेरी महामाया चौक पहुंची जहां शहीदों की शहादत का श्रमण किया गया तथा उपस्थित सभी लोगों ने शहीदों को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि देकर पुष्पांजलि अर्पित की। महामाया चौक पहुंचकर अंजनी पाण्डेय ने कहा कि बच्चों को भगत सिंह के विचारों का अध्ययन करना होगा। यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कलाकेंद्र मैदान को शहीद पार्क घोषित करने एवं मैदान में शहीदों की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। वेद प्रकाश ने कहा कि भगत सिंह ने कहा था पूंजीवादी अपनी सत्ता के लिए हमेशा धर्म का इस्तेमाल करता है। आज भी वही परिस्थितियां है। इसलिए भगत सिंह व अन्य शहीदों का अध्ययन करना बहुत आवश्यक है। उन्होंने भगत सिंह के कथन को दोहराते हुए कहा कि सही आजादी तभी आएगी जब एक मनुष्य के द्वारा दूसरे मनुष्य का शोषण खत्म होगा।

### 71 हितग्राहियों को वितरित किया गया पशु आहार

**सारंगढ़।** पशुधन विकास विभाग की मादा वत्स उन्नत मादा पालन पोषण योजना के तहत विकासखंड सारंगढ़ के 11 हितग्राहियों को जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डे के द्वारा उप संचालक पशुधन डॉ महेंद्र पाण्डेय की अगुवाई में काफ ग्रोवर दाना राशन प्रदान किया गया एवं पूरे जिले में 71 हितग्राहियों को काफ ग्रोवर पशु आहार वितरण किया गया है, जिससे इस जिले के हितग्राहियों में अति उत्साह है एवं प्रत्येक हितग्राहियों को 11 बोरा 23 किलो दाना दिया गया।

## राजस्व, नगर निगम की संयुक्त कार्रवाई, बड़ी संख्या में तैनात रहे पुलिसकर्मी

# मेडिकल कॉलेज को आवंटित भूमि से हटाया गया अवैध अतिक्रमण



अवैध अतिक्रमण हटाता जेसीबी।



घर के सामने से लोगों को हटाते पुलिसकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज को आवंटित भूमि में किए गए अतिक्रमण को आज राजस्व, नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा पुलिस की मौजूदगी में हटाया गया। राजस्व विभाग द्वारा एक सप्ताह पूर्व ही अतिक्रमणकारियों को बेजा कब्जा हटाने का नोटिस जारी किया था बावजूद इसके मकान को खाली नहीं किया गया था। जिस पर सुबह राजस्व अमला, नगर निगम की संयुक्त टीम ने पुलिस की सहायता से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। हालांकि चिन्हांकित घरों को जमींदोज करने की कार्रवाई शाम तक जारी रहा। इधर शासकीय भूमि में काबिज लोगों ने कार्रवाई को गलत बताया।

**खास बात**

- 34 तिक्रमणकारियों के विरुद्ध की गई बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई

शहर के गंगापुर में मेडिकल कॉलेज के लिए लगभग 15 एकड़ भूमि आवंटित किया गया था। आबंटित भूमि में से आधे शासकीय भूमि पर ही मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण हो सका जबकि लगभग 7 से 8 एकड़ भूमि पर लगभग 36 लोगों द्वारा शासकीय भूमि पर न सिर्फ अतिक्रमण किया बल्कि पक्का मकान बना कर रह रहे थे। इधर मेडिकल कॉलेज के विभिन्न भवन निर्माण के लिए भूमि आवश्यकता से कम पड़ गई जिस पर साल 2020 में अवैध अतिक्रमण कारियों को बेदखली के लिए नोटिस जारी किया गया। इधर नोटिस जारी करने के बाद अतिक्रमण किए लोगों द्वार हाई कोर्ट में याचिका दायर की और स्टे ले लिया। पिछले वर्ष ही मार्च माह में मामले की सुनवाई की गई जिसमें अवैध अतिक्रमण को हटाने निर्देश दिए गए जिस पर पुनः: याचिका दायर की गई जिसके बाद मई माह में बेदखली के निर्देश दिए गए लेकिन बरसात का मौसम होने के कारण अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो दिसंबर-जनवरी में पुनः मेडिकल कॉलेज को आबंटित भूमि को खाली कराने के आदेश दिए गए। जिस पर पिछले सप्ताह राजस्व विभाग द्वारा गंगापुर में मेडिकल कॉलेज को आबंटित भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर मकान बनाए 36 लोगों को अतिक्रमण खाली करने की नोटिस दी। जब एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो आज सुबह राजस्व, नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। इसी बीच बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात रहे। इधर अतिक्रमण कारियों ने कार्रवाई को गलत ठहराते हुए विरोध किया लेकिन कार्रवाई जारी रहा और शाम तक अधिकांश अवैध मकानों को जमींदोज कर दिया गया।

### दो लोगों ने लिया है स्टे

गंगापुर में मेडिकल कॉलेज को आबंटित भूमि के लगभग 7-8 एकड़ भूमि पर लगभग 36 लोगों द्वारा अतिक्रमण कर पक्का मकान बना लिए है। सुबह मेडिकल कॉलेज को आबंटित भूमि से बेजा कब्जा हटाने के लिए 34 मकानों को चिन्हांकित किया गया और मकानों को ढहाया गया वहीं दो मकान मालिकों द्वारा हाई कोर्ट से स्टे लेने पर कार्रवाई नहीं की गई और कोर्ट के निर्देश के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बनवा लिए थे फर्जी वन अधिकार पट्टा

शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले कुछ लोगों द्वारा पूर्व में वन अधिकारी का पट्टा दिखाया गया था। जब पट्टा की जांच की गई तो पता चला की पट्टा फर्जी है। जिस पर एसडीएम के निर्देश पर अब फर्जी पट्टा धारियों के विरुद्ध थाने में एफआईआर दर्ज की जाएगी।

### दी गई थी नोटिश

गंगापुर में मेडिकल कॉलेज को भूमि आबंटित किया गया है। लगभग 7 से 8 एकड़ पर लोगों द्वारा अतिक्रमण कर मकान मना लिया था। अतिक्रमण खाल करने के लिए एक सप्ताह पूर्व ही नोटिस दिया गया था। अतिक्रमण खाली नहीं करने पर आज राजस्व, नगर निगम एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 34 अवैध मकान के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

-फगेश सिन्हा
एसडीएम



### साक्षरता मिनी स्टेडियम में प्रकाश व्यवस्था की मांग, सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**लखनपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने साक्षरता मिनी स्टेडियम में प्रकाश की व्यवस्था करने की मांग को लेकर नगर पंचायत सीएमओ विद्यासागर चौधरी को ज्ञापन सौंपा। भाजयुमो अध्यक्ष ने बताया कि लखनपुर स्टेडियम में होने वाले आगामी रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर प्रकाश की उचित व्यवस्था कराए जाने नगर पंचायत सीएमओ को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही मांग की गई है कि जल्द से जल्द स्टेडियम में प्रकाश की उचित व्यवस्था कराई जाए ताकि आगे स्टेडियम में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता सहित अन्य खेल के आयोजन कराए जा सकें। इस संबंध में नगर पंचायत सीएमओ विद्यासागर चौधरी ने जल्द से जल्द साक्षरता मिनी स्टेडियम में लाइट की व्यवस्था कराए जाने तथा नगर पंचायत की ओर से खेल को बढ़ावा देने के अलावा अन्य खेलों के माध्यम से जैसे बैडमिंटन,वॉलीबॉल के माध्यम से लखनपुर नगर पंचायत के युवाओं में नई प्रतिभाओं को उभारने के उद्देश्य से आने वाले समय में महत्वपूर्ण कार्य किए जाने की बात कही। इस दौरान कृपा शंकर राजवाड़े, आशीष गुप्ता, सावन पांडेय, जुगेश साहू, अमन कुमार, राहुल गुप्ता, आदित्य गुप्ता, इकरार, विवेक, आशुतोष, योगेश,प्रवीण सहित नगर पंचायत के युवा मौजूद रहे।

## कुदरगढ़ महोत्सव का शुभारंभ, भक्ति लोक संस्कृति से गूंजा कुदरगढ़ धाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

चैत्र नवरात्र के शुक्ल पंचमी की दिव्य बेला में आस्था, संस्कृति और उत्साह का अद्भुत संगम आज कुदरगढ़ धाम में देखने को मिला, जब जिला प्रशासन व मां कुदरगढ़ी न्याय ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान से कुदरगढ़ महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। 23 से 25 मार्च तक आयोजित इस त्रि-दिवसीय महोत्सव ने पहले ही दिन श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक वैभव से पूरे क्षेत्र को सराबोर कर दिया।

शुभारंभ अवसर पर लोक न्याय ट्रस्ट के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा ने महोत्सव के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कुदरगढ़ महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि यह इस क्षेत्र की लोक परंपराओं, जनआस्था और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने का एक सार्थक प्रयास है। महोत्सव के प्रथम दिवस पर जिले के पांच करमा दलों ने पारंपरिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से वातावरण को जीवंत कर दिया। कलाकार आनंदिता तिवारी ने कथक नृत्य के माध्यम से मां कुदरगढ़ी की भावपूर्ण स्तुति प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सहित अन्य शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने भी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। निलेश मित्तल के भजनों और स्तुति जायसवाल के धार्मिक गीतों ने श्रद्धालुओं को भक्ति में डुबो दिया। पंडित लल्लू राजा



एवं उनके साथियों द्वारा सरगुजिहा लोकगीतों की सुमधुर प्रस्तुति ने लोक संस्कृति की मिठास बिखेर दी। महोत्सव के मुख्य आकर्षण के रूप में मुंबई के लीला रॉक बैंड की भक्तिमय प्रस्तुति ने आधुनिकता और परंपरा का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। रात्रि भक्ति एवं सांस्कृतिक संध्या ने वातावरण को और भी अलौकिक बना दिया तथा दर्शक देर रात तक कार्यक्रमों में रमे रहे। स्थानीय और क्षेत्रीय कलाकारों की सहभागिता, लोक संस्कृति की सजीव झलक और भक्ति की अनुगूंज ने कुदरगढ़ महोत्सव को एक विशिष्ट पहचान और गरिमा दी है।

### शासकीय कन्या उमा विद्यालय में हुआ युवा संसद कार्यक्रम

**रजपुरीकला।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनपुर के प्रांगण में युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में तथा युवा गतिविधि प्रभारी श्रीमती अंजना श्रीवास्तव एवं अंकिता राजवाड़े के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती रंजना श्रीवास्तव एवं श्रीमती अंजना श्रीवास्तव द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। युवा संसद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को भारतीय संसदीय प्रणाली, उसकी कार्यप्रणाली, विधेयक प्रस्तुत करने, उस पर चर्चा करने एवं पारित करने की प्रक्रिया से अवगत कराना था। मंच के माध्यम से छात्राओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, संवाद की कला तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं ने सत्ता पक्ष एवं विपक्ष की भूमिका को प्रभावशाली ढंग से निभाया। स्पीकर की भूमिका में अंकिता ने सदन का संचालन किया। प्रधानमंत्री की भूमिका में आंचल ने सशक्त नेतृत्व प्रस्तुत किया। कैबिनेट में विद्यावती, सुधा वित्त मंत्री, चांदनी कानून मंत्री एवं नाजिया स्वास्थ्य मंत्री ने अपने-अपने विभागों का प्रतिनिधित्व किया। सदस्य के रूप में ईशा, सविता, मीरा एवं अन्य छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। वहीं विपक्ष की ओर से चंचल, कविता, प्रीति, प्रीति संजना चांदनी एवं कविता ने सरकार से तीखे प्रश्न पूछते हुए सशक्त भूमिका निभाई। प्रश्नकाल के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान एवं रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर एवं सार्थक बहस हुई।

### सतर्कता विभाग ने जिस इंजीनियरिंग असिस्टेंट को जारी की थी चार्जशीट, प्रबंधन ने उसे बनाया साइड इंचार्ज

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के अमेरा ओपन कास्ट परियोजना में निर्माण कार्य को लेकर प्रबंधन के फैसले पर सवाल खड़े हो रहे हैं,करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से बन रही सीमेंट कांक्रीट सड़क के कार्य में एक चार्जशीटेड इंजीनियरिंग असिस्टेंट को साइड इंचार्ज बनाए जाने से सतर्कता नियमों की अनदेखी के आरोप लगे हैं।जानकारी के अनुसार,अमेरा खदान से सिंगीटाना गांव तक लगभग साढ़े छह किलोमीटर लंबी सीसी सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है,जिसे भवानी इंफ्राटेक की फर्म द्वारा कराया जा रहा है,आरोप है कि इस कार्य की मॉनिटरिंग और बिलिंग की जिम्मेदारी सिविल विभाग के एक ऐसे इंजीनियरिंग असिस्टेंट को दी गई है,जिसे पहले से ही विजिलेंस विभाग द्वारा चार्जशीट जारी की गई है। बताया गया कि उक्त इंजीनियरिंग असिस्टेंट पर पूर्व में नगर प्रशासन में पदस्थ रहते हुए ठेकेदारों के फर्जी बिल बनाकर भुगतान कराने के आरोप लगे थे, जिस पर शिकायत के बाद विजिलेंस जांच में इनको मिलाकर सहित करीब आधा दर्जन इंजीनियरिंग असिस्टेंट दोषी पाए गए थे, जिन्हें दो बार चार्जशीट जारी कर जवाब मांगा गया है। सूत्रों के मुताबिक, संबंधित मामले की जांच पूरी हो चुकी है और अब प्रबंधन को आगे की विभागीय कार्रवाई करनी है,इन सब के बावजूद ऐसे अधिकारी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिए जाने से विभागीय कर्मचारियों और ठेकेदारों में काफी नाराजगी है,हालांकि, इस मामले में प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में तुलसी साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर।

चैत्र नवरात्र और नव सवंत्सर के उपलक्ष्य में तुलसी साहित्य समिति ने मालवीय भवन में पं.सच्चिदानंद पाण्डेय, डॉ.उमेश पाण्डेय, रामलाल विश्वकर्मा, आशा पाण्डेय व विनोद हर्ष के आतिथ्य तथा गीता मर्मज्ञ रामनारायण शर्मा की अध्यक्षता में काव्यगोष्ठी की।



कार्यक्रम मां वाग्देवी की सामूहिक पूजा और गीतकार कृष्णकांत पाठक की सुमधुर सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ। रामचरितमानस, एसपी जायसवाल और बीडी लाल द्वारा रचित सरगुजिहा रामायणों का संक्षिप्त पाठ किया गया। पंडित रामनारायण शर्मा ने नव सवंत्सर के संबंध में विस्तार से बताया। काव्यगोष्ठी में संस्था के अध्यक्ष मुकुन्दलाल साहू ने दुर्गा दुर्गति दूर कर, पूरण कर हर आस, आशा पाण्डेय ने करते जो आराधना, देती मां वरदान, अजय सागर ने हे कलयाणी, अम्बे भवानी दर्शन दे एक बार, संतोष सरल ने तन को दीपक बनाके मैया, मन को बाती बना ली है, नीलिमा जायसवाल ने पूजो, मां को करो प्रणाम, रामलाल विश्वकर्मा ने गोद में हैं उसकी पलती विश्व की सब शक्तियां, संध्या दुबे ने मुझे अबला समझने की भूल न करना ऐ दुनियावालो, प्रकाश कश्यप ने मां के आंचल का यहां जिसको भी सहारा है जय गुप्त ने नववर्ष खिले, नवदीप जले ने जीवन उतना सच है जितनी लिखी गई है कविताओं में, डॉ.उमेश पाण्डेय ने मैं रास्ते का वह पत्थर, सबको राह दिखाता चलूं, कृष्णकांत पाठक ने तू तो जाने मां दिल का हाल तुझसे अब क्या कहना, राजेन्द्र राज ने बिसेर नई पावे तैंहर मोला, आशु कवि विनोद हर्ष ने बरसा रहा है सुधा चंद्रमा, जल, अग्नि, वायु, आकाश में, रचना सुनाई। गोष्ठी का संचालन अजय सागर एवं आभार ज्ञापन आशा पाण्डेय ने किया। इस दौरान केके त्रिपाठी, अशोक सोनवानी सहित अन्य उपस्थित थे।



## 40 सदस्यीय स्काउट-गाइड दल पंचमढ़ी एडवेंचर शिविर के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य के तत्वावधान में आयोजित 11वें राज्य स्तरीय स्पेशल एडवेंचर शिविर में भाग लेने हेतु कलेक्टर एस. जयवर्धन और जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर अजय मिश्रा के निर्देशन में जिले से 40 सदस्यीय स्काउट-गाइड दल पंचमढ़ी मध्यप्रदेश के लिए रवाना हुआ।

यह शिविर 25 से 29 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश भर से प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। जिला प्रशिक्षण आयुक्त गोवर्धन सिंह ने बताया कि जिले को इस शिविर के लिए 40 प्रतिभागियों का कोटा प्राप्त हुआ था। निर्धारित संख्या के अनुसार जिले के विभिन्न विद्यालयों से 18 स्काउट, 18 गाइड तथा 4 प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाओं, चन्द्रिका सिंह, योगेश साहू, कंचन लता टोप्पो एवं दीपा सिंह को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि इस दल में शामिल कई छात्र-छात्राएं जिले के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आते हैं, जिनमें से कई पहली बार रेल यात्रा का अनुभव कर रहे हैं। ऐसे में यह शिविर उनके लिए न केवल प्रशिक्षण का अवसर है, बल्कि जीवन का एक यादगार और रोमांचक अनुभव भी साबित होगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सेवा भावना, आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता का विकास करना है।

शिविर के दौरान बच्चों को रॉक क्लाइंबिंग, मंकी ब्रिज क्रॉसिंग, वाटर एक्टिविटी, ट्रेकिंग, रैपलिंग, जिप लाइन, ऑब्स्टेकल रेस, नाइट ट्रेकिंग, कैम्प क्राफ्ट, प्राथमिक उपचार तथा सर्वाइवल स्किल्स जैसे विभिन्न साहसिक एवं उपयोगी प्रशिक्षण दिए जाएंगे। रेलवे स्टेशन पर दल को रवाना करने के लिए भारत स्काउट एंड गाइड जिला सचिव उमेश गुर्जर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गोवर्धन सिंह, डीओसी बेलभद्र देवांगन, ब्लॉक सचिव विजेन्द्र साहू, अशोक दूबे सहित अभिभावक एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

## शादी का प्रलोभन देकर युवती से बनाते रहा संबंध, शोरूम संचालक पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कॉलोनी क्षेत्र की एक युवती की शिकायत पर पुलिस ने मेन मार्केट शिवनन्दनपुर बिश्रामपुर स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स फर्नीचर शोरूम संचालक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है,पीड़ित युवती का आरोप है कि व्यवसाई युवक ने उसे शादी का झांसा देकर 11 साल से भी अधिक समय तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में दूसरे धर्म का होने एवं परिवारवालों के राजी नहीं होने का बहाना बनाकर शादी करने से मना कर दिया।

- आरोपी युवक ने पीड़ित युवती को दूसरे धर्म की होने का बहाना बनाकर शादी करने से इंकार किया

प्राप्त जानकारी अनुसार पीड़ित युवती ने बिश्रामपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि नगर के मेन मार्केट स्थित सांवरिया फर्नीचर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक शान्तिनगर निवासी शुभम अग्रवाल आत्मज धनराज अग्रवाल ने शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ वर्ष 2015 से लगातार कई वर्षों तक शारीरिक संबंध बनाता रहा,जब भी युवती शादी की बात करती तो आरोपी व्यवसाई कुछ समय का बहाना बनाकर टालमटोल करता रहा,पीड़ित युवती के अनुसार हाल ही में उसे जानकारी मिली कि आरोपी युवक की शादी किसी और जगह तय हो गई है,इस पर जब उसने आरोपी युवक से बात की तो उसने शादी से इनकार करते हुए कथित रूप से कहा कि दूसरे धर्म की होने के कारण अब वह उससे शादी नहीं कर सकता और उसके परिवार वाले भी शादी के लिए तैयार नहीं होंगे।इस घटना से बुरी तरह से आहत युवती ने बिश्रामपुर थाना पहुंचकर पुलिस के समक्ष अपनी आपबीती सुनाई और लिखित शिकायत दर्ज कराई है, बिश्रामपुर पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी युवा व्यवसाई शुभम अग्रवाल आत्मज धनराज अग्रवाल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 64(2)(एम) के तहत रेप का अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।




